भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 3867

दिनांक 02.04.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लिए निधि जारी किया जाना

3867. श्री रामकुमार वर्माः

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2017-18 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत राजस्थान सरकार को कितनी निधि जारी की गई थी;

(ख) उपर्युक्त उद्देश्य के लिए वर्तमान वित्त वर्ष 2018-19 में एस॰बी॰एम॰ (ग्रामीण) के तहत राजस्थान राज्य को कितनी निधि आबंटित की गई है;

(ग) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत राजस्थान राज्य को 916.02 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं।

(ख) से (घ) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एक मांग आधारित योजना है, अत: राज्य-वार निधियां आबंटित नहीं की जाती हैं।